पंजाब केसरी 20/02/2026

नेतृत्व में महिलाओं की चुनौतियां और अवसर विषय पर हुई समूह चर्चा

अम्बाला छावनी, 19 फरवरी (पंकेस): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में अंग्रेजी विभाग द्वारा लैंग्वेज लैब तथा यंग स्पीकर्स क्लब के सहयोग से विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए नेतृत्व में महिलाओं की चुनौतियां और अवसर विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समकालीन सामाजिक मुद्दों पर सार्थक संवाद के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था।

चर्चा की शुरुआत संयोजक डा. अमित कुमार द्वारा विषय की भूमिका प्रस्तुत कर की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। कुछ प्रतिभागियों ने महिलाओं के नेतृत्व के सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला, जैसे: ज्ञान में वृद्धि, संचार कौशल में सुधार तथा नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना।

वहीं अन्य विद्यार्थियों ने महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों, जैसे सीमित अवसर, सामाजिक पूर्वाग्रह और निर्णय-निर्माण की प्रक्रियाओं में असमान प्रतिनिधित्व पर अपने विचार रखे।

सह-संयोजक महक ने प्रस्तुत

समूह चर्चा कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। (चंद्रमोहन)

विचारों का सार प्रस्तुत करते हुए इस बात पर बल दिया कि महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए ऐसा वातावरण निर्मित करना आवश्यक है जो चुनौतियों को स्वीकार करते हुए समान अवसर प्रदान करे। यह समूह चर्चा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को नेतृत्व के लिए सशक्त बनाना केवल समानता का प्रश्न नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक प्रगति की अनिवार्यता है। शैक्षणिक संस्थान आत्मविश्वासी, सक्षम और सामाजिक रूप से उत्तरदायी महिला नेतृत्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो समाज अधिक संवेदनशील, संतुलित और प्रगतिशील बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और समावेशिता जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन सचिव यशवी शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं बेहतर निर्णय-निर्माण, प्रभावी संचार, कार्य-जीवन संतुलन तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे महक तलवार ने प्रस्तुत किया।

अंग्रेजी विभाग से डा. कमलेश, डा. ज्योति सोरोत, डा. अंशु, डा. नीना, हर्षिता तथा वाणिज्य विभाग से जसमिता हांडा और रितिका ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। यह समूह चर्चा पूर्णतः सफल रही और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुई।